हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 9 जून 2025



# अगले तीन दिन में पारा 43 डिग्री तक पहुंचने के आसार, उसके बाद सक्रिय होगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की दस्तक के बाद भी गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। पिछले कुछ दिनों से जारी गर्मी की तपिश का आलम लगातार बने रहने की संभावना जताई गई है। अगले तीन दिन के दौरान 3 से 4 डिग्री तक तापमान में इजाफा देखने को मिल सकता है। जिसके चलते अंचल का अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि उसके बाद तापमान में गिरावट और बारिश में इजाफा का दौर शुरू हो सकता है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 54 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ लद्दाख और उससे लगे कश्मीर के ऊपर स्थित है। प्रदेश में कल 9 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के पैटर्न में बदलाव होता है। इसके कारण अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर है। अगले 3 दिनों तक स्थिति यही बने रहने की संभावना है, तब तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है। इधर मानसून के एक्टिव नहीं होने से किसानों को भी अपने खेतों में तैयारी करने का समय मिल गया है। जिले के अधिकांश इलाके में किसान धान की फसल ले रहे है, ऐसे में बरसात से पहले खेतो में तैयारियां तेज कर दी गई है।

## बस्तर संभाग में दस्तक देने के बाद अटका मानसून, जिले में दस्तक के लिए करना होगा इंतजार

### बारिश से मिली कुछ राहत

इधर अंचल में पिछले पांच दिनों से लगातार चढ़ रहे तापमान में रविवार की शाम हुई बारिश के बाद कुछ राहत मिली है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हल्की बारिश के बाद हवाएं ठंडी देखने को मिली। जिससे रात में हलाकान करने वाली उमस से भी बहुत हद तक राहत देखने को मिली। हालांकि रविवार से पहले बीते 6 दिनों से कई जिलों में न बारिश हुई, न बादल छाए। गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं। खासकर रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में दिन का तापमान लगातार 41-44 डिग्री के बीच रहा।



### अटका मानसून, दस्तक में समय

केरल के साथ ही प्रदेश में भी मानसून ने इस साल समय से पहले प्रवेश कर लिया था। ऐसा माना जा रहा था कि पूरे प्रदेश में सप्ताहभर के भीतर मानसून पहुंच जाएगा, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिला। मानसून को आगे बढ़ाने वाले दोनों बड़े सिस्टम बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाएं कमजोर पड़ गई। जिसके चलते मानसून नारायणपुर और कोंडागांव में ही थम गया है और वहां से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक रायपुर जैसे शहरों में लोगों को मानसून की पहली बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

### कमीशनखोरी के कारण गरीबों को नहीं मिल पा रहा योजना का लाभ

# मध्यमवर्गीय की थाली के बजाए कस्टम मिलिंग में खप रहा भारत ब्रांड चावल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए भारत ब्रांड चावल की सप्लाई की आड़ में सप्लायर और राईस मिलर्स जमकर व्यारा-न्यारा कर रहे हैं। कस्टम मिलिंग में खपाने के लिए राईस मिलर्स एफसीआई से सस्ते दामों पर खरीदकर इसे सीधे नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में भेज रहे हैं। यही नहीं केंद्र सरकार द्वारा एथेनाल बनाने के लिए महज 2200 रुपए क्विंटल में उपलब्ध कराए जा रहे चावल में भी व्यापक पैमाने पर अफरा-तफरी की जा रही है। इस पूरे मामले में एफसीआई से लेकर फूड और नान के अफसरों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को सस्ते दामों पर चावल उपलब्ध कराने के लिए भारत ब्रांड चावल की सप्लाई शुरू की गई है। केंद्र सरकार ने इसके लिए बकायदा सप्लायरों को काम का ठेका भी दिया है। सप्लायरों को एक, पांच और दस किलो का पैकेट तैयार कर इसे खुले बाजार में बेचने का काम दिया गया है, लेकिन सप्लायरों द्वारा सस्ते चावल की आड़ में व्यापक पैमाने पर गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के एक सप्लायर द्वारा एफसीआई से भारत ब्रांड चावल का उठाव कर उसे सीधे राइस मिलर्स को बेचा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सप्लायर को साढ़े 22 सौ रुपए प्रति क्विंटल में यह चावल मिल रहा है। सप्लायर द्वारा मिलर्स को 2900 रुपए क्विंटल में बेचा जा रहा है। राइस मिलर्स इस चावल का उपयोग कस्टम मिलिंग में कर रहे हैं। बताया जाता है कि एफसीआई से खुलेआम यह चावल मिलों में भेजा जा रहा है। वहीं से इसे सीधे नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में डंप कराया जा रहा है। पिछले एक माह से चल रहे इस खेल की जानकारी प्रशासनिक अफसरों को भी है, लेकिन अभी तक किसी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की।

*एथेनाल बनाने के लिए 2200 रुपए क्विंटल में चावल उपलब्ध कराया जा रहा*



### राशन दुकानों के चावल की भी अफरातफरी

*राज्य सरकार द्वारा तीन माह का एकमुश्त दिए जा रहे चावल की भी जिले में जमकर अफरातफरी की जा रही है। राशन दुकानों से चावल को राइस मिल भेजा जा रहा है, जहां मिलिंग में इसी चावल को खपाया भी जा रहा है। डोंगरगढ़ में ऐसा ही एक मामला सामने आ चुका है, लेकिन कार्रवाई कुछ भी नहीं हुई है।*

### एथेनाल का चावल मिलिंग में खप रहा

*केंद्र सरकार द्वारा एथेनाल बनाने के लिए 2200 रुपए क्विंटल में चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए हर तीन माह में दो लाख क्विंटल चावल की सप्लाई की जाती है। बताया जाता है कि इस चावल का उपयोग भी एथेनाल की बजाए कस्टम मिलिंग में किया जा रहा है। दुर्ग जिले की एक कंपनी द्वारा यहां मिलों में इस चावल की सीधे सप्लाई की जा रही है और बाजार से सस्ते दामों पर खंडा चावल लेकर उससे एथेनाल बनाया जा रहा है।*

### पहले भी उजागर हो चुका फर्जीवाड़ा

*छत्तीसगढ़ में एक साल पहले भी भारत ब्रांड चावल में व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो चुका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा जांच के आदेश जारी किए गए थे। जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने इसके दामों में वृद्धि की थी, लेकिन प्रदेश में एक बार फिर से यह अवैध कारोबार व्यापक पैमाने पर शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले की शिकायत केंद्रीय जांच एजेंसियों से भी किए जाने की तैयारी है।*

# झोपड़ी में बैठने मजबूर बच्चों को मिली सौगात, 15 लाख में बनेगा नया स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वनांचल जिला एमएमसी के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरपाल के आश्रित ग्राम कोहका में जर्जर हालत के स्कूल भवन में शिक्षा पाने के लिए मजबूर विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। विधायक के प्रयास से प्रदेश सरकार ने 15 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके बाद अब नया स्कूल भवन तैयार किया जाएगा।

रविवार के दिन विधायक इंद्रशाह मंडावी ने नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक मंडावी की अनुशंसा पर नवीन स्कूल भवन के लिए 14.30 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर ग्रामीणजन उपस्थित थे। बीते कुछ समय से ग्रामीण लगातार नवीन स्कूल भवन की मांग कर रहे थे, क्योंकि पुराना स्कूल भवन जीर्णशीर्ण अवस्था में आ गया है, जहां बच्चे सुचारू रूप से अध्ययन नहीं कर पाते थे। बच्चों को स्कूल परिसर में ही बने झोपड़ी में बिठाकर पढ़ाया जाता था, क्योंकि स्कूल भवन में छत की प्लास्टर किसी भी समय गिर जाती थी। शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं डर के साए में पढ़ाई करते थे। भूमिपूजन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुशील भंडारी, सरपंच नरसो बोगा, उपसरपंच धन्नु उसारे, पटेल उमेश पुरामे, प्रबल कोमरे, बृजलाल कोमरे, मुरहाराम बोगा, डिगेश्वर यादव, कन्हैयालाल, दशलाल पटेल, सुरेश बोगा, चिंते अमिला, मिलाप डोंगरे, श्यामलाल पटेल, मन्नू मंडावी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### जर्जर के जगह बना रहे नवीन भवन

विधायक इंद्रशाह मंडावी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों एवं पटेल कडरी के साथ मिलकर विधिवत पूजा-अर्चना किया एवं गांव की पांच महिलाओं से भूमिपूजन कराया। विधायक ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि कोहका में लंबे समय से नवीन स्कूल भवन की मांग किया जा रहा था। जिले में बहुत से ऐसे स्कूल हैं, जो इससे भी ज्यादा बदतर स्थिति में थे। जिनका प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जा रहा है। अभी भी मरकेली के बोकुरटोला एवं खेड़ेगांव में भी स्कूल भवन अति जर्जर है। मेरी मंशा है कि ये सभी स्कूल जल्द बने। जिससे बच्चों के अध्ययन-अध्यापन के लिए सही वातावरण मिल सके।

### झोपड़ी में पढ़ने मजबूर थे बच्चे

जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक ने चुनाव प्रचार के दौरान का स्मरण बताया कि वोट मांगने के दौरान स्कूल की रसोइया ने उन्हें नवीन भवन निर्माण नहीं होने के गुस्से में खरीखोटी सुनाया था। कहा था कि वोट मांगने बस आओ और हमारे बच्चे डर के साए में स्कूल में पढ़ाई करें। वह बात दिल में लगा कि स्कूल की रसोइया बच्चों की पढ़ाई के लिए कितनी जागरूक है। रसोइया स्वयं रोज बच्चों की तकलीफ को महसूस करती थी, बच्चे कैसे झोपड़ी में बैठकर पढ़ते हैं। उनकी पीड़ा बच्चों के भविष्य को लेकर था, जिसे विधायक इंद्रशाह मंडावी से अनुशंसा कराकर सीधे कलेक्टर को भेजा गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते जिलाधीश तुलिका प्रजापति ने जिला खनिज न्यास मद से नवीन भवन निर्माण के लिए राशि जारी किया।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी, मृतक की शिनाख्ति नहीं

# सीतागोटा-बोईरटोला के बीच सड़क में बने रपटा पुल में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा



जंगल में एक युवक की सड़ी-गली लाश मिलने से आसपास के ग्रामीण इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह बागनदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीतागोटा से बोईरटोला जाने वाले मार्ग में रपटा पुल में एक युवक का सड़ा-गला शव ग्रामीणों ने देखा। जिससे उनके बीच सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सड़े-गले लाश को देख प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है।

**बागरेकसा जंगल में भी मिला था युवक का शव :** ज्ञात हो कि हाल ही में बोरतालाब के बागरेकसा के जंगल में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में मृतक की शिनाख्ति की गई है। वहीं हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### क्षेत्र में सनसनी

युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आसपास के ग्रामीणों से मृतक के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक आसपास का नहीं लगता। उसकी वेशभूषा से क्षेत्रीय नहीं दिखती। चेहरा में मौजूद गहरे घाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है। हालांकि पुलिस दुर्घटना की आशंका को भी नजर अंदाज नहीं कर रही है। पुलिस अब आसपास के गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

# नींद, तनाव की दवाइयां बन गई नशे का जरिया, चपेट में आ रहे नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिर्फ चिकित्सकों की पर्ची पर मिलने वाली अनिंद्रा, तनाव और अवसाद की दवाएं नशे का जरिया बन गई है। यह दवाएं लोगों के गलत इस्तेमाल से उन्हें अपना आदी भी बना चुकी है। इन दवाओं के उपयोग के चलते नशे के स्तर की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रदेश में घटित अपराधों के कई मामलों में अपराधी का इन दवाओं का सेवन किया जाना पाया गया है।

चिकित्सक द्वारा लिखी गई यह दवा आम दवाओं की तरह आसानी से नहीं दी जाती हैं। इन दवाओं की पर्ची की फोटोकॉपी दवा विक्रेता को रखा जाना है। वहीं दवा किसे दिया गया, कितनी मात्रा में दिया गया, इसका हिसाब भी रखना होता है। कई बार चिकित्सकों द्वारा लिखी गई खुराक से कम दवाई मरीज लेते हैं, लेकिन पर्ची में पूरी दवा लिया जाना भी बता दिया जाता है और यहीं से दवा नशे के रूप में पहुंचाई जाती है। नशीली दवाईयों ट्रेन से लेकर बस और अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंचती है। कई बार रेलवे और स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई करते बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त भी की जाती है, लेकिन पुलिस इसके सप्लायरों तक नहीं पहुंच पाती है।



### नशे में इस्तेमाल हो रही दवाइयां

अल्प्राजोलम, एटीजोलम, लोमोटिल, एलप्रेक्स, नारजेसिक इंजेक्शन, प्राक्सीवॉन कैप्सूल, स्पाजमो प्राक्सीवॉन और रेक्सकॉफ जैसी अनिंद्रा, डिप्रेशन को दूर करने ली जाने वाली दवाइयों को नशे के रूप में उपयोग किया जाने लगा है।

### अधिक कीमत पर मिल रही दवा

अनिंद्रा, तनाव, अवसाद के लिए मरीज को लिखे जाने वाली दवाओं को आसानी से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसे नशे के इस्तेमाल के लिए एक चैन की तरह उपयोग किया जा रहा है। कुछ दवा विक्रेताओं की मिलीभगत से यह दवाएं इनके आदी हुए लोगों तक पहुंच रही है और इसके लिए अधिक कीमत भी ली जाती है।

**0 राजनांदगांव।** बदलते मौसम के साथ ही शहर के बाजार में मौसमी सब्जियों की भरपूर आवक बनी हुई है। खासकर हरी भाजी, मुनगा, लौकी, भटा, भिंडी सहित अन्य सब्जियों की मांग लोगों के बीच है।

### माय एंगल





### सभी सीएचसी और पीएचसी को भी तैयार रहने की हिदायत

# जांच के लिए भेजा सैम्पल, कोरोना मरीजों के इलाज के लिए आईसोलेशन वार्ड तैयार, स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में बढ़ते कोरोना के मामलो के बीच अब प्रदेश में भी कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। जिसको देखते हुए प्रदेश शासन ने सभी जिलो के स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राजनांदगांव जिले में भी स्वास्थ्य अमले ने अपनी तैयारी की है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां एक संदिग्ध मरीज का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है।

बीते दिनों हुए मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच सर्दी, खांसी व बुखार के मामले भी बढ़ने लगे हैं। जिले में भी सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं कोरोना के पैर पसारने के मामले भी आ रहे हैं, जिसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। कोविड के मामलों को देखते हुए आवश्यक दवाईयां, कनेक्टर, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा आईसोलेशन वार्ड और जांच के लिए आवश्यक सामग्रियों की समीक्षा की है। दिशा निर्देश अनुसार तैयारियां कर ली गई है।



### कोरोना की जांच शुरू

प्रदेश में कोरोना की दस्तक के बाद जिले में भी अहतियातन तौर पर अलर्ट मोड पर विभाग आ गया है। भले ही जिले में एक भी कोरोना के मामले अब तक सामने नहीं आने पर फिलहाल शहर के पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना सैम्पल की जांच की जा रही है।

### कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रदेश में मिल रहे कोविड-19 के मामलों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को कोविड से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी करने के साथ ही सतर्क रहने निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने नागरिकों से सर्दी, खांसी, बुखार से ग्रसित होने पर नजदीकी शासकीय चिकित्सालयों में जाकर उपचार कराने तथा संभावित संक्रमण की जांच शासकीय मेडिकल कॉलेज में कराने की अपील की है।

### जिले में अभी मरीज नहीं

जिले में कोरोना के एक भी मरीज नहीं है। अभी एक सैम्पल कलेक्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। सर्दी, खांसी व बुखार होने पर कोरोना की जांच कराएं और गाईड लाइन का पालन करें।

**- डॉ. नेतराम नवरत्न**, सीएमएचओ

# ग्रामीणों द्वारा मकान निर्माण में आपत्ति, पीड़ितों की शिकायत

**राजनांदगांव।** ग्राम सुखरी निवासी फत्तेलाल साहू, कपिलराम साहू, मिश्रीलाल साहू एवं सोमनलाल साहू द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन देकर गांव के ही 16 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है कि गांव के ही कुछ महिला-पुरूष उनका मकान बनाने नहीं दे रहे हैं। अपनी भूमि पर कालम खड़ा कर रहे थे, जिसे सचिव, मेट एवं वार्ड पंच ने कालम को तोड़ा गया और गड्ढों को मनरेगा मजदूरों से पटवा दिया और हम लोगों के अपने निजी जमीन में मकान मत बनाओ कहकर बोला गया। वहीं महिलाओं द्वारा हमारे जमीन के आगे महिला भवन बनाने के लिए प्रस्ताव होना बताया गया। अपने शिकायत ज्ञापन में प्रार्थियों ने कहा है कि हम सभी भाईयो ने अपने जमीन के आगे में मकान बनाने के लिए मुरूम डालकर समतलीकरण कर रहे थे, उस समय भी गांव वाले लोग आपत्ति एवं गाली-गलौज व झगड़ा किया गया था। उसके बाद कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार से शिकायत के तत्पश्चात पटवारी द्वारा रोड से 10 फीट छोड़कर बाकी जमीन में मकान बना सकते हो, कहकर नापकर दिखाया गया था और हम लोग अभी 20 से 25 फीट के आसपास छोड़कर मकान बना रहे थे। इसके बाद भी ग्रामीणों द्वारा आपत्ति लगाया जा रहा है। जिससे लड़ाई-झगड़े की स्थिति निर्मित होने के साथ ही मानसिक परेशानी हो रही है। उन्होंने एसडीएम से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जल संचयन पर प्रशिक्षण

**गैंदाटोला।** गैंदाटोला में मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत वर्षा जल का संचय एवं संरक्षण पर क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुई। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को वर्षा जल का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से घरों में सोख्ता गड्ढा निर्माण कर वर्षा जल को सरंक्षित करने की अपील की। प्रशिक्षण में वर्षा जल का संचय एवं संरक्षण के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य बिरम मंडावी, हेमीन साहू, मनीष त्रिपाठी, कुमार साय साहू , सरपंच ऊषा गुप्ता, एसडीओ जीपी लारिया, मोहित पडौती सहित अन्य उपस्थित थे।




### 705 आवेदन में से 453 लंबित

**घुमका।** तहसील कार्यालय में शनिवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 11 से शाम 5 बजे तक किसानों की लाइन लगी रही। शिविर में अपर कलेक्टर, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, नायब तहसीलदार रामलखन चौहान, राजस्व निरीक्षक रणजीतसिंह, पटवारी आदि शामिल हुए। अपर कलेक्टर श्री मारकंडे ने किसानों के आवेदन को निराकृत करने निर्देशित किया। तहसीलदार जनबंधु ने बताया नामांतरण के 71, बटवारा के 32, सीमांकन के 53, त्रुटि सुधार 68, जाति प्रमाण पत्र 219, अतिक्रमण हटाने 37, पट्टा के 48, ऋण पुस्तिका बनाने 31 एवं अन्य 148 आवेदन मिले थे। कुल 705 आवेदनों में से 252 का निराकरण मौके पर किया गया। शेष का निराकरण समय सीमा के अंदर किया जाएगा।



### नहर लाइनिंग कार्य में धांधली की शिकायत

**डोंगरगढ़।** ग्रामीणों से गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने रुसे जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने नहर लाइनिंग कार्य घटिया तरीके से कराया जाना पाया। यह कार्य अब तक अपूर्ण है और अभी से गिरने लगा है। कही कांक्रीट फट रहा है तो कही गिर रहा है। घटिया निर्माण देखकर विधायक श्रीमती बघेल ने अधिकारी और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी माँगा। उन्होंने गुणवत्ता के साथ कार्य कराने विभागीय अधिकारी को आदेशित किया।



### दंत चिकित्सा शिविर आज

**डोंगरगढ़।** दुर्गा और राम मंदिर में कल 9 जून को सुबह 11 बजे से दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया है। एबीस के तत्वावधान में आयोजित शिविर में दंत चिकित्सक मुफ्त में इलाज करेंगे। आयोजकों ने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील किया है।

### कांग्रेस कल करेगी बीईओ आफिस का घेराव

**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्कूल में किए गए युक्तियुक्तकरण के विरोध में 10 जून को बीईओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के अधिकार कानून की धज्जी उड़ा रही है। सरकार गांव एवं शहरों की स्कूल बंद करने की दिशा में आगे बढ़ रही है जिससे शिक्षक, रसोईया, स्वीपर, चौकीदार बेरोजगार हो जाएंगे। शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस आदेश को वापस लेने के लिए विरोध का कार्यक्रम बनाया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने गत दिनों ब्लॉक अध्यक्षो की बैठक लेकर जिला एवं ब्लाक स्तर पर विरोध करने के निर्देश दिया था। उन्होंने कांग्रेसजनों एवं जन सामान्य से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### अर्शवीर सिंह का सम्मान

**डोंगरगढ़।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने सीसीपीएल सीजन 2 की टीम राजनांदगांव पैंथर्स टी-शर्ट का प्रमोशन एवं अवार्ड समारोह का आयोजन निजी होटल में किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बल्देवसिंह भाटिया, सीसीपीएल के चेयरमैन प्रमोद शंकर शर्मा, विजय शाह, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, खूबचंद पारख, सुरेश एच लाल, सचिन बघेल, सुशील कोठारी, घनश्याम लाल, भारत सर, सीएम मोरवी, योगेश बागड़ी शामिल हुए। इस समारोह में 2024- 25 सीजन सीएससीएस द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डेज टूर्नामेंट में जिले से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन के लिए अर्शवीर सिंह भाटिया को सम्मानित किया गया।



### भालू पर वन विभाग की नजर

**डोंगरगढ़।** एक हफ्ते से नगर में भालू का झुंड खुलेआम घूमते दिख रहा है। कुरूभाट के आसपास भालू की चहल कदमी के बाद वन विभाग का अमला मुस्तैदी के साथ भालू को जंगल की ओर भगाने जुट गया था। दो दिन की मशक्कत करने के बाद भालू ओझल हो गया। दूसरे दिन अलग अलग 5 स्थानों पर भालू देखा गया। उपर मंदिर पहाड़ी, रणचंडी मंदिर नई सीढी, नीचे तप्सी मंदिर, बांस टाल एवं पहाडी से लगी बस्तियों में भालू के होने की खबर सामने आई। पिछले दो दिनो से रात्रि जागरण कर लोगों का समूह देर रात तक भालू को खदेड़ने में लगा रहा किन्तु इस दौरान वन विभाग का अमला मौके से नदारत रहा। वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपुत ने बताया कि वन विभाग की टीम भालू के विचरण क्षेत्र में लगातार नजर बनाए हुए है।



---

## अंकुश लगाने नहीं हो रही कार्रवाई

# चावल की कालाबाजारी से कई व्यापारी काट रहे चांदी

### राशन कार्डों को गिरवी में रख रहे सूदखोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोगों को गरीबी से उबारने के लिए पूर्ववर्ती रमनसिंह की सरकार ने मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना शुरू किया था। योजना के तहत गरीब परिवारों को एक रूपए की दर 35 किलो चावल दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाले चावल की बेरोकटोक कालाबाजारी किया जा रहा है जिसके चलते चावल लोगों के घरों के बजाए व्यापारियों और मिलर्स की गोदाम तक पहुंच रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारी हितग्राहियों के राशन कार्ड को गिरवी में रखकर चावल ले रहे है। यह लोग हितग्राही को केवल थम्म लगाने के लिए दुकान बुलाते है और फिर नगदी कमीशन देकर चावल को अनाज दुकानों और राईस मिलो तक पहुंचा देते है। जानकारी के अनुसार एपीएल के हितग्राहियों को 10 रूपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला चावल बाजार में 30 से 32 रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है। इस चावल को व्यापारी दुकान के संचालको से 26 रूपए की दर से खरीदते है। कुछ हितग्राही राशन दुकान में ही 20 रूपए की दर से चावल बेच देते हैं। शहर में सरकारी चावल के कारोबार से 15 से 20 दलाल सक्रिय है जिनकी अधिकारियों से सांठगांठ हैं जिनके चलते दलालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।



#### हो रही चावल की तस्करी

जानकारी के अनुसार फूड इंस्पेक्टर मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना करता है। आरोप है कि विभाग के अधिकारी केवल कमीशन लेने शहर मे आते हैं। पता चला है कि चावल के व्यापारी में अपने घरों के अलावा गोदाम में भंडारण कर है। इस चावल को राईस मिलो के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र भेजा जाता है। इस कारोबार में शहर के कई बड़े व्यापारी और राईस मिलर शामिल है।

#### लाखों का वारा न्यारा

जानकारी के अनुसार राशन दुकानों से प्रति माह लाखों के चावल की कालाबाजारी हो रही है। चावल के इस काले धंधे में राशन दुकानदार को 3, दलाल को 2 और व्यापारी को 4 से 5 रूपए कमीशन मिलता है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग राशन कार्ड को गिरवी में भी रखते हैं। यह राशन कार्ड रखकर 10 हजार तक देते है जिसके एवज में वह प्रतिमाह हितग्राहियों के चावल लेने पर 5 सौ रूपए वसूल करते है। राशन दुकानों में कई शूदखोरों को सक्रिय देखा जाता है। कुछ व्यापारियों ने चावल एकत्रित कर गोदाम तक लाने के लिए मजदुर रखा है। मजदूरों ने बताया कि चावल को एकत्रित करने के बाद बिना रोक टोक के व्यापारियों तक पहुंचा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि चावल इकठठा करने से लेकर लोड करने पर दो रूपया प्रति कट्टा कमीशन मिलता है।

---

# सफाई रखने के दिए निर्देश अतिक्रमण पर जारी करें नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव वार्ड निरीक्षण की कड़ी में सोमवार को रेवाडीह पहुंचकर जनमानस से मुलाकात कर पानी व सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण संबंधी कार्य के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर यादव रेवाडीह में पैदल भ्रमण कर जनमानस से मुलाकात की और उनसे साफ-सफाई, पानी, बिजली के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा कि ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर उचित साफ-सफाई रखने कहा। उन्होंने शासकीय भूमि में रोड के पास अतिक्रमण की शिकायत पर संबंधित को नोटिस जारी करने संबंधित उप अभियंता तिलकराज ध्रुव को निर्देशित किया। उन्होंने पेयजल सप्लाई वाले स्थान, हैंडपंप, तालाब के पास भी साफ-सफाई रखने कहा। सुचारू पेयजल के लिए हैंडपंप मरम्मत आदि कार्य भी प्राथमिकता से कराने उप अभियंता अनूप पाण्डे को निर्देशित किया।

#### मेयर ने किया आवास का निरीक्षण

महापौर यादव प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों का भी निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने कहा, ताकि हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके। सामाजिक भवन के लिए समाज वालों की मंशानुरूप शासकीय भूमि का चयन करने कहा। रेवाडीह में कालोनी के आसपास पानी निकासी हेतु कच्ची नाली खोदने के निर्देश दिए। जिससे पानी निकासी हो सके। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि गंदा पानी एकत्रित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उप अभियंता भी नाली निर्माण की आवश्यकता को देखकर नाली बनाने प्राक्कलन तैयार करें। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद मुकेश ध्रुव सहित निगम का अमला व वार्डवासी उपस्थित थे।

---



# कुमर्दा क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय, बेरोकटोक हो रही अवैध निकासी

### आवास योजना बनी माफिया की सुरक्षा कवच

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डोंगरगांव तहसील क्षेत्र के अलावा कुमर्दा के अधीन आने वाले गांवों की नदियों से रेत का धड़ल्ले से खनन और परिवहन किया जा रहा है। सब कुछ अवैध तरीके से होने के बाद अधिकारी कार्रवाई करने में पूरी तरह अक्षम साबित हो रहे हैं। बताया जाता है कि रेत के खेल में भाजपा नेताओं की भी सहभागिता होने के बाद अधिकारी कार्रवाई करने के बजाए अपना उल्लू सीधा करने में लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव तहसील क्षेत्र के अधीन वाले ग्राम बगदई, साल्हे, मेढ़ा, आसरा, रातापायली सहित अन्य जगहों से रेत का बेरोकटोक खनन और परिवहन किया जा रहा हैं। इसी प्रकार कुमर्दा तहसील क्षेत्र में खनिज माफिया सक्रिय है जो मोतीपुर, मन्होरा, बंशीबंजारी सहित अन्य ग्रामों से रेत का खनन कर रहा है। इस आशय की लगातार शिकायत राजस्व और खनिज विभाग से रही है किन्तु कार्रवाई की पहल नहीं की जा रही थी। बीते दिनों एसडीएम ने रेत के खनन और परिवहन में लिप्त वाहनों को जप्त किया था किन्तु कुमर्दा क्षेत्र में अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

#### कमीशन का खेल

जानकारी के अनुसार कुमर्दा क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफिया द्वारा प्रति ट्रीप के हिसाब से कमीशन का भुगतान किया जा रहा है जिसके चलते रेत के काले धंधे को बढावा मिल रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को ट्रेक्टर सहित अन्य छोटे वाहन से उपयोग के लिए रेत निकालने की छूट दिया है। इस छूट का फायदा रेत माफिया उठा रहा है। कार्रवाई से बचने के लिए माफिया अब मेटाडोर के बजाए ट्रेक्टर से परिवहन कर रहा है। क्षेत्र में हाल के दिनों ट्रेक्टरों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

---

# ईदगाह में पढ़ी गई ईद-उल-अजहा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर में ईद उल अजहा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 8.30 बजे नमाज अदा की गई। इंतजामियां कमेटी ने ईदगाह में नमाज पढ़ने की सारा इंतजाम पहले ही कर रखा था ताकि नमाज निर्धारित टाइम पर अदा किया जा सके। डोंगरगांव सहित आसपास के मुस्लिमों ने ईदगाह में नमाज अदा किया। नमाज के बाद इंतजामियां कमेटी के सेकेटरी बशीर अहम खान ने लोगों को मुबारकबाद दिया। सदर रफीक खत्री ने जामा मस्जिद के इमाम आकिब रजा साहब, कब्रिस्तान के सदर इकबाल तंवर ने नायब इमाम सफ़ाअत रसूल, खजांची शमीम अंसारी ने इसहाक तंवर का इस्तकबाल कर नजराना पेश किया। कमेटी के सभी मेंबरान ने सभी नमाजियों से गले मिल कर मुबारक बाद दिया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम समाज के सभी लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दिया। ईदगाह में इंतजामियां कमेटी के तमाम ओहदेदार एवं सदस्यों ने उपाध्यक्ष श्री गुप्ता का स्वागत किया। इस दौरान महमूदुल हसन, नजीर तंवर, रियाजु सोलंकी, युनुस सिद्दीकी, आरिफ सोलंकी, इरफान बड़गुजर, पीर मोहम्मद, शमसुद्दीन अंसारी, सद्दाम खत्री, अमीर निर्वाण, आरिफ, ऐजाज हाशमी, इकराम तंवर, अशफाक तंवर, गुरमीर अहमद, सगीर अहमद, गुलाम चौहान, सिद्दीक बड़गुजर आदि मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी फिरोज हसन रिजवी ने दी।

#### उल्लास के साथ मनाया ईद–उल–अजहा



**छुरिया।** मुस्लिम समुदाय ने ईद उल अजहा त्योहार धूमधाम के साथ मनाया। सुबह ईदगाह जाकर नमाज अदा किया गया। नमाज के बाद पेश इमाम मो सद्दाम हुसैन ने सभी के साथ अमन और शांति की दुआ मांगी। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कब्रिस्तान में मरहूम मरहूमिन के हक में दुआ पेश की गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद, नायब सदर शकील कुरैशी, आरिफ मेमन, अहमद खान, अलीम खान, तौकीर अहमद खान, हासम अली, सिद्दीक कुरैशी, अनवर खान, मेराज रजा, वसीम कुरैशी, दबीज अहमद खान, मो. गौस खान, अनवारूल हक, कमाल मोहम्मद, परवेज आलम, सलमान खान, अकील मेमन, यूसुफ खान, मुज़्ज़म्मिल खान और आसपास के लोग मौजूद थे। ईदगाह में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी थाना प्रभारी संतोष कुमार भुआर्य ने संभाला।

---

## पौधरोपण करने ग्रामीणों को किया जागरूक

**गंडई पंडरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला धोधा किसी पहचान को मोहताज नहीं है। स्कूल की पढ़ाई ऐसी है कि 7 किमी दूर स्थित गंडई शहर के बच्चे भी वहां पढ़ाई करने जाते हैं। स्कूल और ग्रामीणों के प्रयास से स्कूल के आसपास नशीली वस्तु नहीं बेचा जाता है। स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक शेष नारायण साहू ने लोगों को पर्यावरण की रक्षा और पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। संकुल समन्वयक रामसुख निषाद और प्रभाकर जंघेल ने भी अभियान की सार्थकता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी रमारानी वर्मा, विनिता राजपूत, निकहत शेख, ईश्वर देवांगन, दिनेश साहू, ईश्वरी जंघेल, डोगेन्द्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## कर्मचारी के प्रमोशन को लेकर शिकायत

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी केन्द्र लालूटोला के लिपिक को सहायक अधिकारी बनाने के बाद अब समिति प्रबंधक बना दिया गया है। पंजीयक कार्यालय के अधिकारीयों ने नियम कानुन को दरकिनार कर ऐसे कर्मचारी को सहायक प्रबंधक का दायित्व सौंपा है जो प्रक्रिया के अनुरूप उसके लायक नही है। लालूटोला समिति प्रबंधक टिकेन्द्र साहू जो 6 माह पूर्व लिपिक के रूप में पदस्थ थे को पदोन्नत करने के बाद सहायक समिति प्रबंधक बनाया गया था। उन्हे अब समिति प्रबंधक का दायित्व सौंपा गया है।

---

## मंदिर के शिखर पर पाषाण चाबी स्थापित

# दान दें पर शक्ति और क्षमता के अनुसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चंद्रगिरी तीर्थ में रविवार को 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद एवं 105 आर्यिका आदर्शमति माता ससंघ के सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया के मार्गदर्शन में मंदिर के शिखर पर चाबी लगाई गई। शिखर बनाने का सौभाग्य सेठ विनोद जैन बिलासपुर प्राप्त हुआ और चाबी लगाने का सौभाग्य भी इसी परिवार को प्राप्त हुआ। । प्रातः भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन आरती हुई। तत्पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर समाधिस्थली में आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षाल किया गया। दोपहर को भगवान के श्री यंत्र को ऊपर मंदिर में विराजमान कर संगीतमय पूजन किया गया। पाषाण की चाबी की शुद्धि के बाद आर्यिका आदर्शमति माता ने केशर से स्वस्तिक बनाया। उपस्थित भक्तों ने पुष्प क्षेपण किया। तत्पश्चात पाषाण की चाबी को शिखर पर स्थापित किया गया।



#### मौजूद रहे सामाजिक जन

कार्यक्रम में सिंघई किशोर जैन, राजकुमार जैन, सुभाषचंद जैन, निर्मल जैन, विनोद बडजात्या, सप्रेम जैन, चंद्रकांत जैन, पूनम जैन, निशांत जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, दीपेश जैन, अमित जैन सहित राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर आदि जगह के लोग मौजूद थे।

#### एक से एक मिलने पर शून्य ही परमात्मा

इस मौके पर आर्यिका आदर्शमति माता ने कहा कि एक और एक मिलने से दो हो तो उसे गणित कहते हैं और ग्यारह हो जाए तो उसे संगठन कहते हैं। एक और एक मिलने से विपरीत हो जाये तो उसे राजनीति कहा जाता हैं वहीं एक और एक मिलने से शुन्य हो जाए तो उसे परमात्मा कहते हैं। संगठन से यदि संग हट जाये तो केवल ठन शेष रहता है और वहां केवल ठन ठन ही होता है कार्य नहीं हो पाता है। संगठन से ठन हट जाये तो संग शेष बचता है जिसका मतलब है कि यदि संग संग कार्य किया जाए तो बड़े – बड़े कार्य भी टनाटन हो सकता है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। वह इस धरती पर मनुष्य के रूप में भगवान थे। उन्होंने कभी अपने नाम की प्रशस्ति नहीं रखी बल्कि प्रशस्त भाव रखने की प्रेरणा दी।

---

# गांवों में अवैध कारोबार बढ़ा, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत ढारा, मोहारा, करेला, भंडारपुर में अवैध शराब, सट्टा, जुआ और अवैध कटाई बेरोकटोक जारी है। जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र के बिगड़ते माहौल पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से कार्यवाही की मांग की हे। उन्होंने बताया कि मोहारा थाना अंतर्गत गांव गांव में नशे का कारोबार फल फूल रहा है। कई जगह कोचिया शराब बेच रहे है। अवैध शराब की बिक्री के बाद भी आबकारी अमला क्षेत्र में झांकने तक नही आता। पुलिस क्षेत्र में अवैध कटाई, खनिज के खनन और परिवहन में लिप्त वाहनों को जांच के नाम थाना लाती है किन्तु कार्रवाई करने के बजाए छोड़ दिया जाता है।



- अवैध शराब की बिक्री और जुआ सट्टा से बिगड़ रहा माहौल

#### जंगल में कटाई और बेजा खनन

उप वन मंडल अंतर्गत वनांचल में अवैध खनन के साथ वृक्षों की अवैध कटाई किया जा रहा है। वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों की सांठगांठ से इमारती लकड़ियों और बांस कूपों की कटाई कर निकासी की जा रही है। फर्जी हैम्बर लगाकर बांस और लकड़ी निकासी करने के मामले की शिकायत परिक्षेत्र अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी से किया जा चुका है। शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने पर अब डीएफओ, सीएफ एवं पीएमओ से शिकायत किया गया है। शिकायत के बाद अधिकारी कार्यवाही करना तो दूर जांच करने से भी परहेज कर रहे हे।

## खबर संक्षेप



### नारी कलश जल यात्रा में कलेक्टर हुए शामिल

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे 5 जून को ग्राम अचानकपुर भाटापारा में जल संरक्षण कार्यक्रम नीर और नारी कलश जल यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं पद्मश्री फुलबासन यादव उपस्थित थे। कलेक्टर भुरे ने जिले में स्वसहायता समूह एवं बिहान समूह की महिलाओं द्वारा नीर और नारी जल यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नीर और नारी जल यात्रा से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता आ रही है। कलेक्टर ने जल संरक्षण, भू-जल संचयन, स्वच्छता हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अचानकपुर भाटापारा के सरपंच व पंच, जनपद पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, बिहान महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए स्पष्ट निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान हो सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



जनता की भूमि संबंधी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। यह बात कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन जैसे प्रकरणों का प्रभावी निराकरण पारदर्शी शासन की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिले में आगामी खरीफ फसल के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर चंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेयरों की शीघ्र नियुक्ति की जाए। बैठक में सीमांकन, विवादित-अविवादित प्रकरणों, नामांतरण, भूमि अधिग्रहण, राजस्व अभिलेख अद्यतनीकरण, डिजिटल सिग्नेचर, नक्शा बटांकन जैसे प्रमुख कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों, पंचायत वसूली, भू-राजस्व वसूली, तथा आरबीसी 6-4 के अंतर्गत मुआवजा स्वीकृति प्रकरणों की भी स्थिति की जानकारी ली गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सभी प्रकरणों की निगरानी रखने के निर्देश**

कलेक्टर ने ई-नामांतरण पंजी की अद्यतन जानकारी संधारित रखने एवं सभी प्रकरणों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित फील्ड विजिट करें, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता, गंभीरता और सहृदयता से सुनें और तय समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से संबंधित कोर्ट में उपस्थित रहना सुनिश्चित करना होगा, ताकि लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान हो सके और आम नागरिकों को न्याय समय पर मिल सके।

## गली-मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार



- सुकुलदैहान पुलिस चौकी प्रभारी को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के ग्रामीण शनिवार को पुलिस चौकी सुकुलदैहान पहुंचकर चौकी प्रभारी को अवैध रूप से संचालित ढाबा कसारी रोड में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध में पत्र सौंपा गया।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के कसारी रोड स्थित ढाबा सड़क के आजू-बाजू में स्थापित जहां पर अवैध रूप से खुलेआम टेबल में बिठाकर चखना के साथ शराब बिक्री की जा रही है। जबकि ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में लगभग विगत 10 माह से पुलिस चौकी निरंतर संचालित है। ग्राम में सम्मानित व्यक्ति के होते हुए भी यह बात अशोभनीय है। ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के गली-मोहल्ले में चिल्हर कोचियों द्वारा, जो शराब की बिक्री करते हैं, उस पर भी कार्रवाई कर रोक लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने रखी। इस मौके पर सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी, उपसरपंच ईश्वरी साहू, कृष्णा कुमार, बसंती, पूर्णिमा साहू, लछवंतीन, विमला, धानबाई, चंद्रिका, शिवकुमार, जयकरण यादव सहित पंचगण व महिलाए एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सतगुरु कबीर का प्राकट्य दिवस 10 से

**डोंगरगढ़।** युवा मानिकपुरी कबीर गुरूद्वारा समिति, मानिकपुरी पनिका समाज एवं आमीनमाता महिला मंडल डोंगरगढ़ के तत्वावधान में छिरपानी तालाब के पास सद्गुरू कबीर साहेब का दो दिवसीय प्राक्टय दिवस का आयोजन रखा गया है। आगामी 10 जून को दोपहर 3 बजे निशान पूजा, शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 5.30 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, कबीर साहेब के दोहा की प्रस्तुति, चित्रकला, रंगोली, वाद्ययंत्र की प्रस्तुती होगी।

## मनाई गई रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष बघेल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



भाजपा मंडल छुरिया में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा के निर्देश पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, अनु.जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, सुरेंदर सिंह भाटिया, अजय पटेल, जगजीत सिंह भाटिया, कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते श्री बघेल ने कहा कि युवावस्था में उनकी सरलता और बुद्धिमता ने मल्हार राव होलकर को प्रभावित किया, को पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर थे। उन्होंने अहिल्याबाई का विवाह अपने पुत्र खांडे राव से करवा दिया। 1754 में कुंभेर की लड़ाई में उनकी पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने अपने ससुर के कहने पर प्रशासनिक और सैन्य मामलों में रूचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया।

कार्यक्रम को एमडी ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शेखर भरतद्वाज, राधेश्याम शर्मा, अनिता मंडावी, बीरम मंडावी, भानबाई मंडावी, रेखा गंधर्व, चुनिया कंवर, धन्ना यादव, मयाराम साहू, नैनसिंह पटेल, शिशपाल साहू, मोनू गुप्ता, कुंदन बडोले, देवानंद सहारे, आनंद वेलेकर, सोहन साहू, टीकम साहू, भूखन धनकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेलगांव में किसान के पैरावट में लगी आग

- दमकल ने पाया काबू, बड़ी घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई नगर के पास स्थित ग्राम बेलगांव में सुबह एक किसान के पैरावट में आग लग गई। जिससे भारी मात्रा में पैरा जलकर राख हो गया। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार किसान चतुर मिर्चे के खेत में रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। तपती धूप और आग के विकराल रूप को देखते व घटनास्थल के आसपास घरों की मौजूदगी के कारण पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया था। ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर बेलगांव पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि उसे बुझाने में काफी समय लगा, लेकिन दमकल कर्मियों की मुस्तैदी से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग लगने से पैरावट में रखा पूरा पैरा जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि आग आसपास के घरों तक नहीं फैल पाई।

## रेंगाकटेरा में किया पौधरोपण



**मोहला।** ग्राम रेंगाकठेरा में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। पौधरोपण माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष बरातूराम साहू की नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक संतराम ठाकुर, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रेमकिशन साहू, रवि साहू, दुर्गेश कुमार सोनी, परदेशीराम, शिवकुमार चंद्रवंशी, गौरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।

## झूलेलाल मंदिर में घुस रहा गंदा पानी, सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** शहर के झूलेलाल नगर (चौखड़ियापारा) स्थित श्री झूलेलाल मंदिर प्रांगण में नाली का गंदा पानी घुसने और मंदिर परिसर में जलभराव की समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र कराकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर के पिछले हिस्से में कुछ लोगों द्वारा नाली पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके कारण नाली के पानी का बहाव नहीं हो पाता और नाली जाम होने के कारण गंदा पानी मंदिर परिसर के साथ ही मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों तक गंदा पानी भर जाता है। इससे समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है। इस समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रम्हानंद बजाज के नेतृत्व में समाज के सदस्यों द्वारा नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर समाज के लोकचंद लहरवानी, अर्जुन बजाज, चंद्रपाल भीमनानी, सूरज पंजवानी सहित समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान जारी

# शिविर में किसानों को मिल रही नवीन कृषि तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



खरीफ की बुवाई से पहले किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और उन्नत बीजों की जानकारी देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से जिले में जोर-शोर से जारी है। कृषि वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी गांवों में शिविर लगाकर किसानों को नई तकनीकों और प्रदर्शनों के माध्यम से महत्वपूर्ण कृषि जानकारी दे रहे हैं। साथ ही, उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।

अभियान के तहत, तीन दल प्रतिदिन छह ग्राम पंचायतों का दौरा कर किसानों के साथ कृषि संबंधी मुद्दों पर गहन चर्चा कर रहे हैं। आठवें दिन, विकासखंड छुईखदान के ढाबा, खौडा और विकासखंड खैरागढ़ के सलौनी, रेगाकठेरा, मुहडबरी एवं गुमानपुर गांवों में किसानों को धान की उन्नत खेती, दलहन-तिलहन फसलों की बेहतर विधियों, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, जैविक कीटनाशक बनाने के तरीके और अन्य कृषि समसामयिक विषयों से अवगत कराया गया। इस वर्ष डीएपी उर्वरक की संभावित कमी को देखते हुए, किसानों को 12:32:16, एसएसपी और 20:20:0:13 जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है। उद्यानिकी विभाग द्वारा केला, पपीता, आम, अमरूद और सब्जी वर्गीय फसलों से आय बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान के लाभों से किसानों को अवगत कराया जा रहा है, जबकि मछली पालन विभाग तालाबों से मछली उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने और केज कल्चर जैसी नवीन तकनीकों की जानकारी दे रहा है।

**कृषि प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी**

अभियान के दौरान गांवों में कृषि प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विजेता किसानों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कृषि रथ गांवों में भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रसारित कर रहा है। ग्राम मंदराकुही में ड्रोन दीदी द्वारा कृषि ड्रोन का प्रदर्शन कर खेती में इसकी उपयोगिता बताई गई। यह अभियान 13 जून तक जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में जारी रहेगा, जहां कृषि वैज्ञानिक और विभागीय दल किसानों से चर्चा-परिचर्चा करेंगे।




## सार समाचार

### आज से भगवान श्री झूलेलाल कथा

**राजनांदगांव।** श्री सिद्धेश्वर झूलेलाल समिति, संत कंवरराम सेवा मंडल, पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव द्वारा कल 9 से 11 जून तक भगवान श्री झूलेलाल कथा एवं सामूहिक पूज्य बहराणा साहेब का आयोजन किया जा रहा है।



पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अशोक पंजवानी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम कल 9 जून की शाम 7.30 बजे से सिंधु भवन हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव में आयोजित है। पहले दिन शाम को श्री झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्री मुख से होगी। इसी तरह 10 व 11 जून को रात्रि 7.30 बजे से झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्रीमुख से होगी। प्रतिदिन कथा पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। 12 जून को सामुहिक 251 पूज्य बहराणा साहेब कार्यक्रम होगा। उन्होंने समाज के भाई-बहनों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### 7 माह में 10 हजार से अधिक आवास निर्माण पूर्ण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 7 माह में 10 हजार से अधिक आवास निर्माण का कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया गया है। जिले को वर्ष 2024-25 में 29938 आवास स्वीकृत हुए हैं। जिसमें किस्त के आधार पर 10236 आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत प्राप्त किस्त के भौतिक स्थिति के अनुसार आवास पूर्ण करने हेतु जिले के सभी विकासखंडों के विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं आवास मित्रों को स्वीकृत आवास निर्माण को शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा में मनरेगा मस्टर रोल जारी करने तथा अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करवाने एवं ग्राम पंचायतों में समूह के सक्रिय महिला व रोजगार सहायकों से समन्वय स्थापित कर बारिश से पूर्व अधिक से अधिक आवास निर्माण को पूर्ण करने निर्देशित किया था।

### शंकरपुर ने गौरीनगर को हराया

**राजनांदगांव।** शहर में बंद हो चुके वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पुनः आयोजन की मांग लेकर एक अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहर के दो वार्डों ने की। वार्ड क्रमांक 9 शंकरपुर विरूद्ध वार्ड क्रमांक 13 गौरीनगर के बीच 3 मैच की एक दिवसिय सीरीज खेली गई। जिसमें शानदार प्रदर्शन की बदौलत वार्ड क्रमांक 9 शंकरपुर ने 2-1 से सीरीज अपने नाम कर लिया। सीरिज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शुभम बनाफर को मैन ऑफ द सीरिज एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का इनाम दिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 9 के खिलाड़ी देवा वर्मा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का अवार्ड दिया गया। इस एक दिवसीय आयोजन के पीछे दोनों वार्ड की मंशा शहर में बंद हो चुकी वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को दोबारा शुरू करने के समर्थन में किया गया था।



### प्रयास विद्यालयों के लिए परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिलेवार परीक्षा परिणामों की सूची का अवलोकन आदिवासी विकास की विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान करने कहा गया है।

### 6 गांव में विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के 6 ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 34 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम ठाकुरटोला, बेलटिकरी एवं खैरझिटी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50-6.50 लाख रुपए तथा ग्राम भैंसातरा, अ.भांठापारा एवं गठुला में अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को नियमों व प्रावधानों का पालन करते समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

### मेयर ने सिंटैक्स टंकी लगाकर दूर किया जल संकट

**राजनांदगांव।** वार्ड निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने शनिवार सुबह वार्ड नं. 15 के मोतीतालाब एवं बल्देवबाग में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर पानी, बिजली व सफाई के संबंध में चर्चा की। शौचालय के पास पानी की समस्या पर सिंटैक्स टंकी लगाने के निर्देश उपरांत शनिवार को टंकी लगाकर समाधान किया। महापौर यादव प्रमोद झंझारे व संजीव बघेल के साथ वार्ड नं. 15 में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हो उनकी समस्या से अवगत हुए। मोतीतालाब का निरीक्षण कर तालाब के किनारे साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। बल्देवबाग के एक एरिया में कम पानी आने की शिकायत पर शौचालय के पास सिंटैक्स टंकी लगाने के निर्देश दिए, निर्देश के परिपालन में टंकी लगाया गया। महापौर यादव के बल्देवबाग निरीक्षण के दौरान विद्युत समस्या से अवगत कराते लोगों ने कहा कि लुज तार एवं तिरछा खंभा के कारण लाईट की समस्या होती है और खंभा से दुर्घटना की संभावना बनी है, जिस पर महापौर यादव ने विद्युत मंडल से बात कर लाईन दुरस्त कर खंभा ठीक करने कहा।



### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील में तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रुपए, अतिवृष्टि से मकान व कपड़ा-बर्तन क्षति होने पर 6500 रुपए एवं अतिवृष्टि से एक पशुकोठा क्षति होने पर 3 हजार रुपए, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से 3 जनहानि होने पर 12 लाख रुपए तथा अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रुपए, आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए, सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

---

#### कलेक्टर-एसपी ने त्रिनेत्र योजना के संबंध में ली संयुक्त बैठक

# अपराधों पर अंकुश लगाने लगेगा सीसीटीवी कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शनिवार को जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में त्रिनेत्र योजना के संबंध में संयुक्त बैठक ली। शहर की सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख, संगठन, व्यापारी संघ, समाज सेवी, गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रोजेक्ट त्रिनेत्र अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा लगाने की अनोखी पहल की गई है।

कलेक्टर डॉ. भुरे एवं एसपी श्री गर्ग ने सभी राईस मिलर्स, स्कूल-कॉलेज, हॉस्पिटल, उद्योगपति, बिल्डिर्स, होटल, बैंकर्स एवं नागरिकों से त्रिनेत्र योजना में सहयोग देने आह्वान किया है। कलेक्टर ने कहा कि एक जुलाई तक प्रथम चरण में त्रिनेत्र योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा एवं सर्वर जोड़कर प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसमें सहयोग करने वाली संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी कंट्रोल रूम आकर देख सकते हैं। त्रिनेत्र योजना अपराधियों पर शिकंजा कसने एवं असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने कारगर कदम है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, पुलिस सायबर टीम से अभिषेक साहू, द्वारिका प्रसाद, कोषाध्यक्ष त्रिनेत्र अशोक मोदी, टेक्निशियन सृष्टिपाल सिंह भाटिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**जनसहभागिता से सीसीटीवी कैमरा लगाने पहल**

उल्लेखनीय है कि त्रिनेत्र योजना देश की पहली बेहतरीन योजना है। जिससे शहर में चोरी, अपराध सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने जनसहभागिता से सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल की गई है। इस योजना अंतर्गत नागरिकों ने लगभग सवा करोड़ रुपए का सहयोग दिया है। जिससे शहर में अभी तक लगभग 70 हजार मीटर आरमंड आप्टिक ऑप्टिक फाईबर एवं पोल लगाकर बिछा दिया गया है। प्रथम चरण में सेफ्टी बाक्स एवं कैमरा लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।

---

## युक्तियुक्तकरण पर कांग्रेस पार्टी का निजी स्वार्थवश अनर्गल प्रलापः यादव

**राजनांदगांव।** राज्य शासन द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत किए जा रहे शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का समर्थन करते प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने इसे पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन द्वारा उत्पन्न शैक्षणिक असंतुलन को सुधारने का प्रयास बताया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर एवं समावेशी बनाने युक्तियुक्तकरण सर्वथा आवश्यक है एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा इस मद्दे पर सड़क की लड़ाई के ऐलान को मुद्दाविहिन पार्टी का राजनैतिक स्टंट करार देते कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि हजारों स्कूल बंद होने एवं शिक्षकों के पद समाप्त होने का झूठा भ्रम फैलाकर कांग्रेस राजनैतिक रोटियां सेंकने का दुष्कृत्य कर रही है। स्कूलों में कार्यरत रसोईया, सफाईकर्मी एवं महिला समूहों को हटाने का कोई निर्देश शासन द्वारा आज पर्यन्त जारी नहीं किया गया है और ना ही यूडाईस कोड हटाने का कोई निर्देश शासन स्तर से जारी हुआ है, किन्तु कांग्रेस पार्टी निजी स्वार्थवश तत्संबंध में मिथ्या दुष्प्रचार कर रही है। राज्य के प्राथमिक शालाओं में 7296 शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5536 शिक्षकों की आवश्यकता है। जबकि राज्य के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में क्रमशः 3608 एवं 1762 शिक्षक ही अतिशेष है। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर छात्र शिक्षक अनुपात 21.84 है तथा माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के होने के साथ-साथ एक परिसर में एक विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी। जिससे शिक्षा की गुणवता में वृद्धि होगी तथा एक ही परिसर में लैब लाइब्रेरी एवं अच्छी बिल्डिंग उपलब्ध कराना आसान होगा। एक ही परिसर में प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय का सेटप अलग-अलग होने पर विद्यार्थियों को 3 जगह नाम कटाना-जोड़ाना पड़ता था, किन्तु शालाओं का युक्तियुक्तकरण किए जाने से अधिकांश छात्रों को बार-बार प्रवेश प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा और बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता एवं निरंतरता बनी रहेगी।



---

## अवैध रूप से गांजा बिक्री, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नशीले पदार्थ की अवैध रूप से बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत एक महिला आरोपी से 312 ग्राम गांजा बरामद कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 जून को पुलिस ने मुखबीर सूचना पर शिव मंदिर रोड गणेश होटल के पास खैरगढ़ में रेड कार्रवाई कर आरोपिया 60 वर्ष निवासी शिव मंदिर रोड बस स्टैंड के पीछे खैरागढ़ को गांजा बिक्री करते 312 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा। आरोपिया के खिलाफ थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपिया को 8 जून को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

## अजीज स्कूल के बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दार्जिलिंग में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता तरंगण 2025 में अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा के छात्रों ने अपने हुनर और जोश से सबका दिल जीत लिया। सीनियर वर्ग की वेस्टर्न डांस प्रतियोगिता में स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरव महसूस कराया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन कथक रॉकर्स के मशहूर नृत्य निर्देशक चेतन बोरकर द्वारा किया गया था। जिसमें देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरपूर था। अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा की टीम की प्रस्तुति में नृत्य की आधुनिकता, तालमेल और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। उनके प्रदर्शन को जजों और दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन देकर सराहा। टीम का मार्गदर्शन डांस टीचर हरीश साहू द्वारा किया गया और उनके साथ सहायक शिक्षिका मेघा तुमरेकी भी छात्र-छात्राओं को सहयोग एवं अनुशासन में सहायक के रूप में उपस्थित रही।



टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में तस्कीम खान, अंकिता सोनी, अरिशा खान, आलिया अंजुम, शेख अल्फिया, आयरा नाज और रंजना गहलोत इन सभी ने अपनी मेहनत और सामूहिक प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि हमारे बच्चों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। यह पूरे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। डायरेक्टर तनाज अजीज ने कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और संस्कृति में भागीदारी बच्चों को आत्मविश्वासी और मजबूत बनाती है। अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा की इस उपलब्धि से न केवल स्कूल, बल्कि जिलेभर में उत्सव का माहौल है। टीम को जल्द ही विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### बजरंगपुर नवागांव में कबीर प्राकट्य महोत्सव 15 को

**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 01 बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज एवं वार्डवासियों द्वारा 15 जून को कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन में रखा गया है। कार्यक्रम 15 जून सुबह 11 बजे सत्संग एवं दिव्य प्रवचन महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी रायपुर के साथ आरंभ होगा।दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं भवन का भूमिपूजन होगा एवं दोपहर 3 बजे प्रसादी भोजन एवं चौका आरती का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, विशेष अतिथि नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, नीलमणी साहू, कुलेश्वर साहू, अंजू साहू, एवं सावन वर्मा शामिल होंगे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने दी।

---

## महापौर, पार्षदों व महिला समूह ने श्रमदान कर की तालाब की सफाई



- वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्डवासियों द्वारा शनिवार सुबह कौरिनभाठा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित राजा माखीजा, सेवकराम उईके, शेखर यादव, सतीश कुमार साहू, कुलेश्वर ध्रुव, संजीव बघेल, प्रमोद झंझारे, डुरेंद्र साहू, विजय राय, पंकज कुरंजेकर, सुमीत भाटिया के अलावा महिला समूह एवं कौरिनभाठावासी बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में सहभागी बने।

महापौर श्री यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं महिला समूह ने कौरिनभाठा तालाब के किनारे श्रमदान कर झाड़ू लगाकर कचरा उठाया तथा तालाब के आसपास की कटिली झाडियां काटी। स्वच्छता अभियान के पश्चात तालाब के किनारे वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं तालाब के संवर्धन के लिए संकल्प लिया गया। महापौर यादव ने कहा कि जिस प्रकार कौरिनभाठा तालाब में सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब के किनारे साफ-सफाई किया, इसी प्रकार स्वच्छता का संदेश हर वर्ग को देना है, तभी हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर होगा। बिना जनसहभागिता के स्वच्छता अभियान सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आज हम वृक्षारोपण के तहत पौधे तो लगा रहे हैं, लेकिन जब तक इसका देखरेख नहीं करेंगे, तब तक यह पौधा वृक्ष का रूप नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर उसका देखभाल करने प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने संकल्प लेना होगा और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा।

## हॉकी लीग प्रतियोगिता का खिताब चिखली व रमन बाजार के नाम

- खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं चरित्र निर्माण का माध्यम है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव हॉकी लीग छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समाहरोह संपन्न हुआ। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में आयोजित सब जूनियर आयु वर्ग का खिताब शिवनगर बुल्स ने वहीं जूनियर आयु वर्ग का खिताब शांतिनगर शूरमा ने अपने नाम किया।

फाइनल मैच व समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। इस अवसर पर फिरोज अंसारी, सौरभ कोठारी, राजा माखीजा, शिव वर्मा, कन्हैया सुनील साहू, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, श्रुति लोकेश जैन, अर्जुन गंगवानी अध्यक्ष पूज्या सिंधी पंचायत, जवाहर वर्मा एवं पार्षद मनोहर यादव उपस्थित हुए।

इस अवसर पर मधुसूदन यादव ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम है, रुद्राक्षम् कर रहा है।



अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया की चिखली स्कूल के मैदान में प्रशिक्षणरत सभी खिलाड़ियों को खेल खेलने का मौका मिला। रिक्रिएशन कप पर टीमों नैन्सी सिन्हा ने अपना कब्ज़ा जमाया। सब जूनियर केटेगरी का फाइनल मैच अपरान्ह चार बजे शिवनगर बुल्स विरुद्ध रमन बजार वारियर्स के मध्य खेला गया। रमन बजार वारियर्स की टीम ने शिवनगर बुल्स को 3-2 से मात दी। जूनियर कैटेगरी के फाइनल मुकाबला में चिखली ड्रैगन्स ने शांतिनगर शूरमा की टीम को 3-1 से मात दी। विजेता एवं उपविजेता टीम तथा रिक्रिएशन कप के विनर को ट्रॉफी, पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। समापन समारोह में प्रमुख रूप से राजनांदगांव के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में छत्तीसगढ़ हॉकी के जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा, प्रकाश शर्मा, नीलमचंद जैन, भूषण साव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अशोक नागवंशी, भूषण साव, अनुराज श्रीवास्तव, पीयूष वर्मा, जावेद खान, दीपक यादव, योगेश द्विवेदी, तुलसी सिन्हा, पीताम्बर साहू, नरेश साहू, विकास वैष्णव, हारुन खान, दीपेश चौबे एवं आशीष सिन्हा की उपस्थिति रही।

---

## हेल्थ मेले में दाई-बबा दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दाई-बबा दिवस का आयोजन 4 जून को शहरी पीएचसी मोतीपुर में महापौर मधुसूदन यादव समेत शैकी बग्गा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, डॉ. नेतराम नवरतन, डॉ. विकास राठौर, डॉ. पूजा मेश्राम, डॉ. शैलेष जोशी, डॉ. दीपान्शु शर्मा, कौशल शर्मा, पंकज झा, नूतन साहू, मंजू साहू, अरविंद वर्मा, नेतराम मंडावी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी व वरिष्ठ नागरिकगण की उपस्थिति में किया गया।




मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में शासन-प्रशासन द्वारा जनता के लिए संचालित इस स्वास्थ्य शिविर को आमजन के लिए कल्याणकारी बताया एवं अधिक से अधिक संख्या में इससे लाभान्वित होने। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को भी लाभान्वित करने आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनता से संवाद करते इस हेल्थ मेले में दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बेहतर सेवा देने सराहना की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में आम लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हर बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून को दाई-बबा दिवस का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है।

दाई-बबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई है। सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिन के सहयोग से बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले में आएं। जिले में कुल 7454 बुजुर्गों का रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व अन्य स्वास्थ्य की जांच, मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण, योगा किया गया, साथ ही कुल 234 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया गया। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड। जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज किए गए, जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नही हैं, उनका कार्ड बनवाया गया।



## खबर संक्षेप

### कर्मचारी के प्रमोशन को लेकर शिकायत

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी केन्द्र लालूटोला के लिपिक को सहायक अधिकारी बनाने के बाद अब समिति प्रबंधक बना दिया गया है। पंजीयक कार्यालय के अधिकारीयों ने नियम कानुन को दरकिनार कर ऐसे कर्मचारी को सहायक प्रबंधक का दायित्व सौंपा है जो प्रक्रिया के अनुरूप उसके लायक नही है। लालूटोला समिति प्रबंधक टिकेन्द्र साहू जो 6 माह पूर्व लिपिक के रूप में पदस्थ थे को पदोन्नत करने के बाद सहायक समिति प्रबंधक बनाया गया था। उन्हे अब समिति प्रबंधक का दायित्व सौंपा गया है।

### पौधरोपण करने ग्रामीणों को किया जागरूक

**गंडई पंडरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला धोधा किसी पहचान को मोहताज नहीं है। स्कूल की पढ़ाई ऐसी है कि 7 किमी दूर स्थित गंडई शहर के बच्चे भी वहां पढ़ाई करने जाते हैं। स्कूल और ग्रामीणों के प्रयास से स्कूल के आसपास नशीली वस्तु नहीं बेचा जाता है। स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## अंकुश लगाने नहीं हो रही कार्रवाई

# चावल की कालाबाजारी से कई व्यापारी काट रहे चांदी

### राशन कार्डों को गिरवी में रख रहे सूदखोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोगों को गरीबी से उबारने के लिए पूर्ववर्ती रमनसिंह की सरकार ने मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना शुरू किया था। योजना के तहत गरीब परिवारों को एक रूपए की दर 35 किलो चावल दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाले चावल की बेरोकटोक कालाबाजारी किया जा रहा है जिसके चलते चावल लोगों के घरों के बजाए व्यापारियों और मिलर्स की गोदाम तक पहुंच रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारी हितग्राहियों के राशन कार्ड को गिरवी में रखकर चावल ले रहे है। यह लोग हितग्राही को केवल थम्म लगाने के लिए दुकान बुलाते है और फिर नगदी कमीशन देकर चावल को अनाज दुकानों और राईस मिलो तक पहुंचा देते है। जानकारी के अनुसार एपीएल के हितग्राहियों को 10 रूपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला चावल बाजार में 30 से 32 रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है। इस चावल को व्यापारी दुकान के संचालको से 26 रूपए की दर से खरीदते है। कुछ हितग्राही राशन दुकान में ही 20 रूपए की दर से चावल बेच देते हैं। शहर में सरकारी चावल के कारोबार से 15 से 20 दलाल सक्रिय है जिनकी अधिकारियों से सांठगांठ हैं जिनके चलते दलालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।



### हो रही चावल की तस्करी

जानकारी के अनुसार फूड इंस्पेक्टर मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना करता है। आरोप है कि विभाग के अधिकारी केवल कमीशन लेने शहर मे आते हैं। पता चला है कि चावल के व्यापारी में अपने घरों के अलावा गोदाम में भंडारण कर है। इस चावल को राईस मिलो के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र भेजा जाता है। इस कारोबार में शहर के कई बड़े व्यापारी और राईस मिलर शामिल है।

### लाखों का वारा न्यारा

जानकारी के अनुसार राशन दुकानों से प्रति माह लाखों के चावल की कालाबाजारी हो रही है। चावल के इस काले धंधे में राशन दुकानदार को 3, दलाल को 2 और व्यापारी को 4 से 5 रूपए कमीशन मिलता है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग राशन कार्ड को गिरवी में भी रखते हैं। यह राशन कार्ड रखकर 10 हजार तक देते है जिसके एवज में वह प्रतिमाह हितग्राहियों के चावल लेने पर 5 सौ रूपए वसूल करते है। राशन दुकानों में कई शूदखोरों को सक्रिय देखा जाता है। कुछ व्यापारियों ने चावल एकत्रित कर गोदाम तक लाने के लिए मजदुर रखा है। मजदूरों ने बताया कि चावल को एकत्रित करने के बाद बिना रोक टोक के व्यापारियों तक पहुंचा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि चावल इकठठा करने से लेकर लोड करने पर दो रूपया प्रति कट्टा कमीशन मिलता है।



# सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर किया पौधरोपण

■ ग्रामीणों नें उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का किया आभार व्यक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत छिरहा में डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अनुशंसा पर 5.20 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण व मां शाकम्भरी भवन आहता निर्माण 3 लाख की निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ में पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस स्वीकृत निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष पंचराम कोसले, एससी मोर्चा पवन पटेल, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मैनपुरी दानीराम चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता आत्मादास मानिकपुरी, सुरेश पटेल, प्रकाश यादव, दिलीप साहू, जागेश्वर पटेल, बबला चन्द्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी, खेदूराम साहू, रामावतार यादव, चैन पटेल, निरंजन पटेल, राम पटेल और समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थे। जिस पर ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सौंगात मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया।

# नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम धनेली में स्व. रामभरोस साहू के वार्षिक श्राद्ध-बरसी के पावन अवसर पर नौ दिवसीय 08 से 16 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य शुभारंभ माताओं व बहनों द्वारा भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण कर किया गया। वहीं संगीतमय ज्ञान यज्ञ कथा में कथा वाचक पं कृष्णकांत शर्मा, परायणकर्ता पं अनिरुद्ध शास्त्री, वेदी पूजन विभाग पं अनिल शर्मा, पुरोहित पं प्रमोद शर्मा व मुख्ययजमान श्रीमती राधिका कोमल साहू विराजमान है। वहीं आयोजक श्रीमती निर्मला शत्रुहन साहू ने आसपास के सभी ग्रामीणों व क्षेत्रवसियों को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सरिता में गोता लगाकर अपने मानव जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

## तीन माह का चावल एक मुश्त में मिलने से ग्रामीण गरीब, मजदूर हितग्राहियों में उत्साह का माहौल



**हरिभूमि बरबसपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर व अंचल क्षेत्र में चांवल उत्सव मनाया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार के राशनकार्डधारी हितग्राहियों को जून, जुलाई व अगस्त माह का चावल एक मुश्त में दिया जा रहा है। जिससे गरीब हितग्राही राशनकार्डधारियों को तीन माह का चावल एक साथ मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हर महीने चावल लेने के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकान दूर-दराज से लम्बी दूर तय कर राशन दुकान पहुंचते थे, लेकिन अब तीन माह का चावल एक मुश्त में मिलने से हितग्राहियो को लम्बी दूरी नही नापनी पड़ेगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में रुखमणी मंगल रुखमणी विवाह झांकी की प्रस्तुत

■ कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी मंगल का कथा प्रसंग सुनने एवं रूखमणी मंगल का पाठ करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में श्री शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजन श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने कथा स्थल पहुचं रही है। जिस पर कथा वाचक आचार्य पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने कथा प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण और रुखमणी के विवाह की व्याख्याकर श्रोताओं को भाव-मुग्ध किया।

श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा के रूप में श्रद्धालुओं के अंतःकरण को भींगो कर रसरंग में डूबो रही थी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास के वर्णन से सुम-धुरित कथा श्रवण से सभी भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास श्री शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने



कहा कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। कथा व्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान से वह दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रूखमणी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रूखमणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया।

कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी मंगल का कथा प्रसंग सुनने एवं रूखमणी मंगल का पाठ करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है और शीघ्र विवाह का योग बनता है साथ ही माता लक्ष्मी एवं श्री हरि विष्णु की सदैव कृपा रहती है। कथा के सफल संचालन में भागवत कथा समिति के अर्जुन प्रसाद तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, टिकेंद्र प्रसाद तिवारी, सूरज तिवारी सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए हैं, साथ ही साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा रसपान करने दूर-दराज से श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# हरी साग-सब्जियों की बढ़ती कीमतों से आम नागरिक परेशान

■ लोकल बाड़ियो से साग-सब्जियों की आवक में कमी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

साग-सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों व्यापारी और कोचियों द्वारा गांव-गांव में 10-15 रूपए प्रति किलो ग्राम बिकने वाले लाल टमाटर को अब वर्तमान में 30 रूपए प्रति किलो में बेच रहे हैं, क्योंकि टमाटर की भाव अब धीरे धीरे बढ़ने से घरों की बजट भी धीरे-धीरे बिगड़ने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार हरी साग-सब्जिया जैसे करेला 80 रूपए प्रति किलो, मुनगा 80 रूपए, बरबटी, कद्दू,




भिंडी, बैगन, लौकी, 30 रूपए प्रति किलो पार हो चुके हैं। जिस पर व्यापारी आत्मादास बंजारे ने बताया कि लाल टमाटर का एक कैरेट 600 से 700 रूपए हो चुके हैं और लोकल टमाटर और अन्य साग-सब्जियां की आवक कम होने के कारण बाहरी लाल टमाटर व साग-सब्जिया बाजार में आ रहा हैं, जिनके कारण से लाल टमाटर की भाव 30 रूपए किलो बाजार में बिक रही है।

जिनके कारण से रसोई घर की बजट बिगड़ गई है। टमाटर की बढ़ी कीमतों से लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई है, वहीं आलू, प्याज सहित अन्य सब्जियों की बढ़े दाम से उनका बजट बिगड़ रहा है। पूर्व में तेज धूप अब बारिश के कारण बाजार में सब्जियों की आवक में कमी आई है। इस कारण सब्जियों की कीमत में भारी बढ़ोतरी हुई है। वहीं मंडियों से मोहल्ले तक पहुंचते ही सब्जियों के मूल्य में चार गुना तक वृद्धि देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि सब्जियों की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का खेल भी हैं। मंडी में आने से बाजार तक पहुंचते-पहुंचते सब्जियों की कीमत चार गुनी तक हो जाती है। मंडी में किसान अपने उत्पादों को नीलामी के माध्यम से व्यापरियों को बेच देते हैं। ऐसे में मंडी के खुदरा दुकानदार तक पहुंचते-पहुंचते ही सब्जियों की कीमत में प्रति किलो दो से तीन रूपए का इजाफा हो जाता है। अब मंडी से बाजार तक सब्जियों को ले जाने में ढुलाई खर्च, दुकान का किराया, बाजार के ठेकेदारों को चुकाए जाने वाले सुविधा शुल्क सब्जियों की कीमतें बढ़ाने का काम करते हैं।

## खेती-किसानी कार्य में जुटे ग्रामीण.....



**बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह, दौजरी, सिंघनपुरी, हरिनछपरा, बरबसपुर, बीजाझोरी, जेवड़न खुर्द, बाझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेती-किसानी कार्य में जोरों से जुट चुके है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान द्वारा गोबर खाद को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर कर खेतों में ले जा रहे है ताकि धान फसल की अच्छी पैदावार हो सके।

# कोलेगांव में चावल उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित उचित मूल्य की दुकान में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा के अगुवाई में मां सरस्वती माता के तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्रामीण गरीब व मजदूर हितग्राहयों को तीन माह जून, जुलाई तथा अगस्त माह का चावल एक मुश्त देकर चावल उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सरकार के आदेशानुसार 1 से 7 जून तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक आज क्षेत्र में ग्रामीण गरीब, मजदूर परिवार को चावल वितरित की गई, जिससे बरसात के माह ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या व परेशानी ना हो। इस चावल उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, सरपंच सुरेश ध्रुव, हाई स्कूल शाला प्रबंधन अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, पंच रामसहाय साहू, जगतु साहू, ढोलाराम चंद्राकर, निर्मलकर साहू साथ ही साथ शाखा प्रबंधक दीपकुमार चंद्राकर, सेल्समैन नरेंद्र चंद्रवंशी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## सात दिवसीय एडवेंचर समर कैंप 8 से 14 जून तक आयोजित की जाएगी

# गुरुकुल ने रचा, इतिहास एडवेंचर ग्रीष्मकालीन कैंप का शुभारंभ

■ 300 विद्यार्थियों ने उमंग व उल्लास के साथ लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए एडवेंचर ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय एडवेंचर समर कैंप 8 से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें रविवार को प्रथम दिवस में समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया, इस रोमांचक ग्रीष्मकालीन कैंप में कक्षा पहली से पांचवीं तथा छठवीं से आठवी तक के विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए।

प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण तथा प्रभारी प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा वर्ग-अ के अंतर्गत कक्षा पहली एवं दूसरी, वर्ग-ब के अंतर्गत कक्षा तीसरी से पांचवी तक तथा वर्ग-स अंतर्गत कक्षा छठवी



से आठवीं तक के विद्यार्थियो को रोमांचक गतिविधियों के साथ उनकी अन्तर्निहित प्रतिभा को निखारने के लिए कौशलात्मक गतिविधियों को सिखाया जा रहा है। इस एडवेंचर समर कैंप की प्रमुख विशेषता एडवेंचर्स एक्टिविटी यानि रोमांचक गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इनमें रोप क्लाइंबिंग, माउंटेन क्लाइंबिंग, जिप लाइनिंग, कमाण्डो, क्ले-आर्ट, कोडिंग, मेहंदी, एजुकेशनल, म्यूजिक एण्ड डॉस, स्पोर्टस एण्ड फन गेम, स्कील डेवलपमेंट गतिविधि शामिल है। इसके अतिरिक्त आर्ट एण्ड क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, विभिन्न क्रीड़ात्मक गतिविधि, स्वीमिंग पूल पार्टी, स्कैटिंग, थ्री डी-शो तथा कौशलात्मक विकास पर आधारित मनोरंजन गतिविधियाँ शामिल है।

इस कैंप का आयोजन गुरुकुल पब्लिक स्कूल के परिसर में प्रातः 08 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। इसमें किसी भी विद्यालय के विद्यार्थी अपनी सहभागिता कर अपनी रूचि अनुसार अपनी प्रतिभा के विकास को सशक्त दिशा दे सकते हैं।

आज प्रथम दिवस पर लगभग 300 विद्यार्थियों ने उमंग और उल्लास के साथ इस कैंप में भाग लिया। यह ग्रीष्मकालीन कैंप सात दिनों तक बच्चों के प्रतिभा को निखारने का कार्य करेगा। संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण एवं प्रभारी प्राचार्य ने रोमांचक ग्रीष्मकालीन कैंप के आयोजन पर शुभकामनाएं दी।

**अनदेखी:** वर्षा ऋतु पूर्व पानी टंकियों की साफ-सफाई कराना आवश्यक

# सालों नहीं होती पानी टंकियों की सफाई, शुद्ध पेयजल पर सवाल?

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर वनांचल ईलाकों में लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा नल-जल योजना, जल जीवन मिशन सहित इससे मिलती जुलती अन्य योजनाओं के तहत आबादी क्षेत्र में लाखों रूपए की राशि खर्च कर विशालकाय पानी की टंकियां निर्मित कराई गई है।

इन पानी टंकियों को प्रतिदिन मोटर पंप की मदद से भरा जाता है और फिर क्षेत्र में बिछी पाईप लाईन के जरिए घरों घर तथा कथित शुद्ध पेय जल सप्लाई किया जाता है। अब यह पेय जल कितना शुद्ध होता है यह तो खैर जांच का विषय है लेकिन लोगों की माने तो जिले में इन योजनाओं के तहत बनी ऐसी अधिकांश पानी टंकी हैं जिनकी साफ सफाई निर्माण के बाद से आज तलक नहीं हुई है। जबकि कई टंकियों का निर्माण हुए वर्षों हो चुके हैं। विशेषकर जिले के ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों की पानी टंकियों की साफ-सफाई के प्रति ग्राम पंचायतों द्वारा उदासीन रवैया अपया जा रहा है। जबकि जानकारों की माने तो शासन द्वारा जल प्रदाय शुद्धिकरण के लिए 15 वे वित्त मद से ग्राम पंचायतों का बकायदा राशि स्वीकृत की जाती है। ताकि पानी टंकी की साफ सफाई एवं पाईप लाईन की टूट-फूट रिपेयरिंग की जा सके। लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा इस राशि का उपयोग कहां और किस कार्य के लिए किया जा रहा है भगवान जाने। बताया जाता है कि यह स्थिति सिर्फ ग्राम पंचायतों भर की नहीं है बल्कि जिले की कुछ नगर पंचायतों और नगर पालिका की भी कमोबेस यही स्थिति है जहां पानी टंकियों की साफ सफाई में भारी कोताही बरती जा रही है। जिससे लोगों में जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है।

## वर्षाकाल में जल जनित बीमारी फैलने का खतरा



जानकारों के मुताबिक दूषित पानी कई बीमारियों का कारण बनता है। पानी में पनपने वाले बैक्टीरिया से हैजा, टाइफाइड, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, डर्मेटाइटिस, पेचिश और शिगेलोसिस जैसी जल जनित बीमारियां होती हैं। वहीं वर्षाकाल में इसकी संभावना और ज्यादा होती है। पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग में लाई जाने वाली पानी टंकियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से इस बात की आशंका जताई जा रही है इन टंकियों का पानी भी लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में पानी टंकियों की साफ-सफाई जरूरी है।



## स्कूलों में लगी पानी टंकी की भी हो नियमित साफ-सफाई

इसी तरह जिले के प्रायः सभी शासकीय स्कूलों में भी बच्चों को पेयजल आपूर्ति के लिए स्कूलों की छतों में पानी टंकी का निर्माण कराया गया है जिससे नलों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन लोगों की शिकायत है कि स्कूल प्रशासन द्वारा इन पानी टंकियों की साफ सफाई में भी कोई खास रूचि नहीं दिखाई जाती और स्कूली बच्चे इन्हीं टंकियों का पानी कई वर्षो से पीते आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूलों में लगी पानी टंकियों की विधिवत साफ सफाई कराई जाए ताकि विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो सके।

# शराबियों का हुड़दंग ग्रामीण परेशान शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में शराब और सट्टे का अवैध कारोबार पूरे शबाब पर चल रहा है। जिसकी लगातार शिकवा शिकायतें करने के बाद भी न तो पुलिस प्रशासन इस पर कार्यवाही कर रहा है और न ही आबकरी विभाग इस पर लगाम लगाने कोई कदम उठा रहा है। आलम ये है कि गांव के बीचों बीच गुजरने वाले मुख्यमार्ग पर जहां छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का आना जाना लगा रहता है शाम के समय शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के चलते हर समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर गति अवरोधक नहीं होने से नाबालिग और नई उमर के वाहन चालक खतरनाक ढंग से ट्रैक्टर व मोटर साइकिल को भगाते हैं जिससे आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। वहीं कुछ आदतन बेवड़ों के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर सड़कों में अभद्रता पूर्वक बेहद अश्लील शब्दों में गाली गलौच किए जाने से भी काफी तनाव पूर्ण और महिलाओं के लिए शर्मनाक स्थिति बन जाती है। यही स्थिति कोदवागोड़ान और क्षेत्र में सट्टा की है। यहां सटोरिए सरेआम सट्टा पट्टी लिख रहे हैं और लोग अंको में दांव लगा रहे हैं। लेकिन कार्यवाही शून्य है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिले के नए पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जिले के छोर पर स्थित वनांचल के ऐसे गांवों में जहां असामाजिक तत्वों पर अभी तक कड़ी कार्यवाही नही होने से उनकी उच्छृंखलता बढ़ती जा रही है और आम लोगों का जीवन दूभर होता जा रहा है, वहां की पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त की जाए।

## बाजार...



कवर्धा। नगर के सब्जी बाजार में खूब बिक रहा है आचार का आम

## खबर संक्षेप

### भाई से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार


**चिल्फीघाटी।** चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम माराडबरा में पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। चिल्फी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड - पर भेजा है। पीड़ित सुखलाल गोड़ माराडबरा गांव का रहने वाला है। घटना 5 जून की है। पीड़ित सुखलाल रात में अपनी पत्नी के साथ घर के सामने बैठा था। तभी उसका छोटा भाई पतिराम गोड़ वहां आया और विवाद करने लगा। सुखलाल विवाद से बचते हुए पास के ग्रामीण रमेश यादव के घर चला गया। आरोपी वहां भी पहुंच गया और डंडे से अपने भाई सुखराम के सिर और पैर पर हमला कर दिया। जिससे सुखलाल के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पतिराम गोड़ आयु 45 निवासी माराडबरा को गिरफ्तार कर लिया है।

### बीकॉम फाइनल का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने बीकॉम तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम जारीकी दिया है। इस परीक्षा में पीजी कॉलेज कवर्धा से 147 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 142 विद्यार्थी पास हुए। एक को पूरक मिला। एक फेल हुआ। तीन विद्यार्थियों का परिणाम रोका गया। ओवरऑल रिजल्ट 96.60 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कनक माली ने 68.56 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया है।

# राहत कम आफत ज्यादा, हल्की बूंदाबांदी भी विद्युत व्यवस्था पर भारी

## चटख धूप के साथ बेमौसम बूंदा बांदी से रही उमस



- लोगों को अब बड़ी बेसब्री से मानसून का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

करीब-करीब तीन महिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे अंचलवासियों की सहन शक्ति अब जवाब देने लगी है और वे बड़ी बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके।

रविवार को भीषण गर्मी और चटख धूप के बीच दूसरे पहर में अचानक बदलते मौसम में इसकी संभावना भी बनी लेकिन बदला मौसम राहत कम और आफत ज्यादा लेकर आया क्योंकि कवर्धा का मौसम बदलते ही नगर के कई ईलाकों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और लोगों को मिली राहत आफत में बदल गई। उल्लेखनीय है कि जून के इस महिने में भी कवर्धा सहित पूरे अंचल में भीषण गर्मी पड़ रही है और अब लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए बड़ी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

रविवार को भी बारिश के कोई आसार नहीं थे और न ही मौसम वैज्ञानिकों ने इसकी कोई भविष्यवाणी की थी। सुबह से ही चटक धूप खिली थी और पूरे दिन लोगों को तेज धूप तथा गर्म हवा के झोंके हलाकान व परेशान करते रहे। लेकिन दूसरे पहर के बाद शाम होते-होते अचानक मौसम बदल गया और आसमान में बदली छा गई। देखते ही देखते तेज हवा चलते लगी, हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। जिसके चलते मौसम खुशनुमा हो गया।

लेकिन लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली ही थी कि अचानक कवर्धा नगर के कई ईलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और राहत आफत में बदल गई। कुछ देर की इस मौसमी उथल पुथल के बाद तेज हवा भी बंद हो गई और बारिश भी रूक गई लेकिन लोगों को बिजली के लिए करीब आधा घंटा का इंतजार करना पड़ गया। लोगों की माने तो भीषण गर्मी व उमस के बीच ये बगैर बिजली के आधा घंटा किसी यातना से कम नहीं थे।

बताया जाता है कि जिला मुख्यालय कवर्धा की ही तरह जिले के ग्रामीण अंचलों में भी इस भीषण गर्मी के दौर में बिजली का कुछ ऐसा ही रोना है। यहां भी उपभोक्ता अघोषित पॉवर कट से हलाकान और परेशान है।

### क्या पूरी बरसात ऐसे ही रूलाएगी बिजली

कहना गलत नहीं होगा कि मानसून के इंतजार के बीच रविवार को हुई हल्की बारिश मानसून के दस्तक की आहट दे रहा है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले हप्ते तक मानसून दस्तख दे देगा। लेकिन लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है कि क्या विद्युत विभाग की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के बीच पूरे वर्षाकाल कै दौरान इसी तरह से बारिश की दो बूंद विद्युत व्यवस्था पर भारी पड़ते रहेगी। कवर्धा के विद्युत उपभोक्ताओं ने वर्षाकाल के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है ताकि उपभोक्ताओं को आने वाले दिनो में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो सके।

# वर्षा पूर्व मुक्तिधाम पहुंच मार्ग निर्माण की मांग

## विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा ग्राम पंचायत कोलेगांव

- वर्षाकाल में दाह संस्कार के लिए मुक्तिधाम पहुंचना टेढ़ी खीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव आज भी विकास से वंचित नजर आ रहा है। आलम ये है कि यहां न तो ग्रामीणों को जीते जी सुविधाएं नसीब हो पा रही है और न ही मरने के बाद उन्हें सुविधाएं मिल पा रही है। ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा गांव के समुचित विकास के लिए मूलभूत एवं 15 वें वित्त मद से राशि स्वीकृत की जाती है। इसके अलावा ग्राम पंचायत को भी राजस्व की प्राप्ती होती है वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने मदों से विकास व निर्माण कार्यो की तथा कथित घोषणाएं व स्वीकृति देते हैं लेकिन ये सभी राशि कहां जाती है और इनका कहा उपयोग किया जाता है यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में वैसे तो दो मुक्तिधाम है जिसमें से एक तालाब किनारे है जिसके हालत जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है और इस मुक्तिधाम को मरम्मत की दरकार है। वहीं दूसरे मुक्तिधाम की हाल ही में मरहम पट्टी की गई है लेकिन इस मुक्तिधाम का पहुंच मार्ग आज भी कच्चा है वहीं इस मार्ग में एक नाला भी है जो वर्षाकाल में पानी से लबालब होता है ऐसे में लोगों को बारिश के दिनो में मुक्तिधाम पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ग्राम पंचायत कोलेगांव के कई वार्डो में आज भी सीसी रोड नहीं बन पाई है, पानी निकासी के लिए नालियों का आभाव देखा जा रहा है। जिन्हें आज तलक नहीं बनवाया गया। माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत की घोर उदासीनता का परिणाम है जिसका दंश पूरा गांव झेल रहा है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से वर्षाकाल के पूर्व ग्राम पंचायत कोलेगांव की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

## संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर घर घर तक जाएंगे कार्यकर्ता




**बोड़ला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने अवसर पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर बोड़ला मंडल में हिन्दू संगम भवन में मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहले अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जसविंदर बग्गा ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर वर्ग और संगठन को इस अभियान से जोड़ने और लाभार्थियों के अनुभव साझा करने की अपील की।

## दबंगो से त्रस्त आदिवासी सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



**कवर्धा।** दबंगों से त्रस्त ग्राम पंचायत दशरंगपुर के सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए नामजद ज्ञापन में ग्राम सरपंच तारकेश्वर सिंह मरकाम ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग बेवजह ग्राम पंचायत के कार्यो में दखल दे रहे हैं और उस पर किसी काम को करने अथवा न करने का दबाव बरा रहे हैं। सरंपच ने यह भी आरोप लगाया कि व आदिवासी समाज से एक निर्वाचित सरपंच है यह बात भी दबंगों का नगवार गुजर रही है और वे उसे अनावश्यक रूप से परेशान कर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। जानकारी को मुताबिक शनिवार को ग्राम सरपंच श्री मरकाम के साथ बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा है।

**शिविर समापन के पूर्व कवर्धा मे निकाली गई भव्य शोभायात्रा, बच्चों ने शस्त्रकला का किया प्रदर्शन**

# ग्राम बेंदरची में युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धरा संरक्षण सेवा संस्थान के तत्वाधान में जिले के ग्राम बेंदरची में युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ग्राम बेंदरची के शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला में गत 3 जून से 9 जून तक आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के कुल 60 बच्चों को शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक एवं आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। संस्थान के आचार्य भीमदेव आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 6 दिवसीय शिविर में बच्चो को योग, शस्त्रकला, कराते, सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण योग्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि शिविर का समापन 9 जून को ग्राम बेंचरची स्कूल परिसर में ही किया जाएगा। जिसमें देश के कई राज्यों से साधू, संत तथा अन्य अतिथि पहुंचेगे। जिनके द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा और युवा चरित्र निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। श्री आर्य ने बताया कि शिविर के समापन के पूर्व 8 जून को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शिविर के प्रशिक्षणार्थी बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में सीखे गए डंडा, तलवार, भाला आदि शस्त्र विद्या का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि यह कवर्धा जिले में संस्थान का प्रथम शिविर है। आने वाले दिनो में इससे भी बड़ा और व्यापक शिविर का आयोजन किया जाएगा और शिविर आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक बच्चों को इसमें शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।




# बोक्करखार सचिव को हटाने की मांग, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत बोक्करखार में पदस्थ सचिव गौकरन चंद्रवंशी के विरुद्ध ग्रामवासियों ने एकजुट होकर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने संयुक्त रूप से जिलाधीश को एक लिखित आवेदन सौंपा है।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सचिव गौकरन चंद्रवंशी नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे ग्रामीणों के जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पाते। साथ ही, पंचायत के कार्यों को स्वयं ना कराकर ठेकेदारों को सौंप दिया जाता है, जो कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सरपंच एवं अन्य ग्रामवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि सचिव, सरपंच से कोरे चेकबुक में हस्ताक्षर करवाकर मनमाने ढंग से राशि निकालते हैं और उस राशि का उपयोग किस मद में किया गया है, इसकी कोई जानकारी नहीं देते।

इससे पंचायत के आर्थिक प्रबंधन में भारी अनियमितता की आशंका व्यक्त की गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि सचिव की कार्यशैली सरपंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है, और वह पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को दबाव में रखने का प्रयास करता है।

सचिव द्वारा सरपंच को कार्य संबंधी हस्ताक्षर के लिए बार-बार अपने निवास या बोड़ला बुलाना भी कार्यशैली में अनुशासनहीनता को दर्शाता है। आवेदन पत्र सौंपने वाले सरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति, प्रेमसिंह नायक, घनश्याम नायक, फगनू, परस मरावी समेत अनेक ग्रामीणों ने बकायदा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर सचिव को हटाकर किसी जिम्मेदार और ईमानदार सचिव की नियुक्ति की मांग की है ताकि ग्राम पंचायत के कार्यों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बोक्करखार जिला कबीरधाम के अंतिम छोर पर स्थित है, जहां अधिकांश आबादी विशेष पिछड़ी जनजाति एवं आदिवासी समुदाय से संबंधित है।

ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में विकास कार्यों की पारदर्शिता और जिम्मेदार प्रशासनिक व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की इस सामूहिक मांग पर क्या त्वरित निर्णय लेता है।